# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.09.2024 समय : 1905

- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– मेक इन इंडिया से भारत विनिर्माण का केंद्र बना है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

- डिगलीपुर के सीतानगर मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कैरियर पर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से कल पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।
- जहाजरानी विभाग चाथम और डंडस प्वाइंट के बीच अतिरिक्त जहाज फेरी सेवा संचालित करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्य वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कडी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया। रोजगार में बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नये सेक्टर के उभरने के साथ–साथ रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। श्री मोदी ने क्रियेट इन इंडिया थीम की पच्चीस चुनौतियों के बारे में बताया।

<><><><><><><>

इस वर्ष दो अक्तूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से कंचन' का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिडयूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की। पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्सांहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं, जो प्रेरणादायी हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान के डिगलीपुर में ज़िला प्रशासन द्वारा शुरू की गई कार्यक्रम "प्रयास" के तहत सीतानगर मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों के लिए कैरियर के अवसरों पर परामर्श प्रदान करने के लिए कल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. करिश्मा खान ने छात्रों को कड़ी मेहनत कर योजनाबद्ध रणनीति के साथ तैयारी निश्चित कर सफलता हासिल करने को कहा। उन्होंने विज्ञान के छात्रों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। योग प्रशिक्षक सत्यवती हलदार ने सत्र का संचालन करते हुए योग के नियमित अभ्यास से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। स्कूल के प्राचार्य बलबीर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कैरियर कांउसिलिंग पर जागरूकता सत्र आयोजित करने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा की गई पहल की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा श्री विजयपुरम के मिनी–बे स्थित होटल शी–सेल कोरल कोव में कल आर. बाला सुब्रामणियम द्वारा लिखित पुस्तक पर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

वन्य प्राणी सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में वन्य प्राणी संभाग की ओर से प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफी, कैनवास आर्ट पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग पर तीन अलग–अलग श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक द्वीपवासी अपनी प्रविष्टियां सीधे हैडो स्थित

उप—वन पाल के कार्यालय में रेंज अधिकारी के पास या डाक कोरियर के माध्यम से कल तक पूर्ण पते के साथ जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

डंडस प्वाइंट और आस—पास के लोगों की सुविधा के लिए जहाजरानी विभाग चाथम और डंडस प्वाइंट के बीच अतिरिक्त जहाज फेरी सेवा संचालित करेगा। ये सेवा वर्तमान सेवा से अलग होगी। अतिरिक्त वाहन फेरी चाथम से छः बजकर पन्द्रह मिनट पर, सात बजकर पन्द्रह मिनट पर, सुबह साढ़े आठ बजे, दो बजकर पन्द्रह मिनट पर, पांच बजकर चालीस मिनट पर और शाम सात बजे उपलब्ध रहेगी। वापसी में डंडस प्वाइंट से छः बजकर पैंतालीस मिनट पर, आठ और नौ बजे, दिन में दो पैतालीस, शाम पांच पन्द्रह, साढ़े छः और रात्रि साढ़े सात बजे उपलब्ध रहेगी। सुबह छः बजकर पन्द्रह मिनट पर चाथम से और छः बजकर पैंतालीस मिनट पर डंडस प्वाइंट से ये सेवा रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में उपलब्ध नहीं रहेगी। इसी प्रकार दो बजकर पन्द्रह मिनट पर और शाम सात बजे भी ये सेवा रविवार और अवकाश के दिनों में स्थगित रहेगी। नई सारणी कल से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा यूटी मिशन प्राधिकरण की ओर से विशेष एजुकेटर के रिक्त पड़े सोलह पदों को भरा जाएगा। अनुबंध के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चुने गए उम्मीदवारों को पन्द्रह हजार रूपये प्रतिमाह की दर से एकमुश्त राशि दी जाएगी। आवेदन फार्म पांच अक्तूबर तक द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में स्थित ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय या ज़ोनल कार्यालयों से प्राप्त कर निर्धारित स्थलों में जमा किया जा सकता है।

उधर, टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता की नियुक्ति के लिए कॉलेज की वेबसाइट पर जानकारियां उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में तीन अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

इस बीच, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न पी जी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तीसरे चरण का परामर्श कल कॉलेज में रखा गया है। उम्मीदवारों को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

<><><><><><><>

अनिम्स में चालू शिक्षा सत्र के लिए एम बी बी एस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तीसरे चरण का परामर्श कल रखा गया है। पात्र उम्मीदवारों की सूची अनिम्स के सूचना पट्ट के अलावा इसकी वेबसाइट और कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। उम्मीदवारों को कल सुबह नौ बजे अनिम्स के लेक्चर हॉल नम्बर—दो में मूल प्रमाणपत्रों और इसकी प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>